हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, बुधवार 18 दिसंबर 2024

[ राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर ]


तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री


13 मितानिन गांवों में मातृत्व व शिशु संरक्षण के साथ-साथ...



14 सत्य एवं अहिंसा के रास्ते पर चलकर समाज का करें...




।। बाबा ॐ श्री शिव ।।
नवकार ज्वेलर्स
सच्चा सौदा ईमानदारी का
राजिम नवापारा, रायपुर
सावधान सावधान
चाइना गोल्ड से सावधान
नवकार ज्वेलर्स राजिम में अब जापानी तकनीक से युक्त सोने की शुद्धता जांचने की मशीन
जापानी तकनीक से युक्त मशीन
सोने की शुद्धता एवं कैरेट की जांच
निःशुल्क सोने की शुद्धता जांच
चाइना गोल्ड से बचने का उपाय
नवकार ज्वेलर्स राजिम में मशीन द्वारा अपने सोने की शुद्धता की जांच करवाएं तथा यह सुनिश्चित करें की आपका सोना असली है या चाइना




अधिकृत विक्रेता :
श्री बजरंग इलेक्ट्रिकल्स
कम वोल्टेज में ज्यादा पानी देने वाला ग्रीन वेल सबमर्सिबल पंप
बस स्टैण्ड, नवापारा, मो. 98278-87946, 93400-18107
V4,V5,V6 एवं 50 फीट हेड वाला सबमर्सिबल पंप
ग्रीन वेल सबमर्सिबल पंप



## खबर संक्षेप

### कोसमबुड़ा में आज मनाई जाएगी घासीदास जयंती

**छुरा।** ग्राम कोसमबुड़ा में 18 दिसंबर को समस्त सतनामी समाज के द्वारा प्रतिवर्ष के भांति इस वर्ष भी गुरु घासीदास बाबा की जयंती धूमधाम से मनाया जाएगा। शाम 04 बजे पूजा एवं पालो चढ़ना भोजन प्रसादी दोपहर 12 बजे से रात्रि 10 बजे तक पंथी पार्टी बाल समाज पंथी पार्टी ग्राम ठेलकोबेड़ा जिला नुआपाड़ा आडिशा का रखा गया है और रात्रिकालीन कार्यक्रम गंवई के हीरा छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी जेवरा जिला महासमुंद का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सतनामी समाज के लोग सभी तन मन धन से जूटे हुए है यह जानकारी गोपाल राम ओगरे ने दी।

### सेंदबाहरा में क्रिकेट प्रतियोगिता आज से

**रसेला।** ग्राम सेंदबाहरा में फटाफट टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता शीतला किक्रेट क्लब के तत्वाधान में 18 से 22 दिसंबर तक किया जा रहा है। प्रथम पुरस्कार 8000 रुपए एवं ट्रॉफी माननीय संजय नेताम उपाध्यक्ष जिला पंचायत गरियाबंद द्वारा प्रदाय किया जाना है। द्वितीय पुरस्कार 5000 रुपए एवं ट्रॉफी माननीय सुजल कोठारी युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष छुरा, तृतीय पुरस्कार 3000 रुपए एवं ट्रॉफी ठाकुर राम चंद्राकार ग्राम सेम्हरा जेसीबी मास्टर, तृतीय पुरस्कार 2000 रुपए एवं ट्रॉफी नारायण सिन्हा ग्राम रक्सी के द्वारा प्रदाय किया जाना है। मैन ऑफ द सीरीज सुनील नागेश ग्राम सेदबाहरा द्वारा दिया जावेंगे यहां जानकारी यशवंत नागेश ने दिया।

### सिर्रीखुर्द में मड़ई 20 को

**छुईहा बेलर।** ग्राम पंचायत सिर्रीखुर्द में 20 दिसंबर को ग्राम विकास समिति के तत्वाधान में वार्षिक उत्सव मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। ग्राम विकास समिति प्रमुख टोपेश साहू ने बताया कि ग्राम सिर्रीखुर्द में चार वर्ष के लंबे अंतराल के बाद इस वर्ष भी मड़ई मेला का आयोजन होगा। जिसमें लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रिकालीन कार्यक्रम कका भतीजा नाचा पार्टी सरायपाली कोमाखान का कार्यक्रम रखा गया है।

### घासीदास जयंती आज

**नवापारा-राजिम।** परसदा में गुरु घासीदास जयंती 18 दिसंबर को मनाया जाएगा। सुबह दीप प्रज्जवलित, पालो एवं चौका आरती कार्यक्रम 12 बजे होगा। रात्रिकालीन लोक कला छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी चंपा बसंत भकुर्रा छुरिया वाले का होगा।

विरोध : रोजगार, प्रदेश में बढ़ते अपराध व नशाखोरी को लेकर युवा कांग्रेस ने प्रदर्शन किया

# कलेक्टोरेट घेराव के दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झूमाझटकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/ पांडुका

- कार्यकर्ताओं को पुलिस ने तिरंगा चौक पर रोका, सौंपा 10 सूत्रीय ज्ञापन

प्रदेश में धान खरीदी के समर्थन मूल्य, युवाओं को रोजगार, बढ़ते अपराध और नशाखोरी जैसे गंभीर मुद्दों को लेकर युवा कांग्रेस ने मंगलवार को जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ता जिला कांग्रेस भवन में एकत्र हुए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कलेक्टोरेट घेराव के लिए निकले। लेकिन पुलिस प्रशासन ने तिरंगा चौक पर बैरिकेड्स लगाकर उन्हें रोक दिया। प्रदर्शनकारियों को रोकने के दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच जमकर झूमाझटकी हुई। इसके बावजूद प्रदर्शनकारी अपनी मांगों पर अड़े रहे और सरकार के खिलाफ नारेबाजी जारी रखी। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन तहसीलदार मयंक अग्रवाल को सौंपा। ज्ञापन में मुख्य रूप से किसानों और युवाओं की समस्याओं पर फोकस किया गया है। किसानों को वादानुसार धान का समर्थन मूल्य 3100 रुपए प्रति क्विंटल एकमुश्त दिया जाए। धान विक्रय हेतु टोकन प्रक्रिया को सरल किया जाए। किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदा जाए।

राजिम तहसील के कौंदकेरा मंडल में राजस्व निरीक्षक नियुक्त किए जाएं। जिले में अवैध रेत परिवहन पर सख्त कार्रवाई हो। धान खरीदी केंद्रों पर प्रति कट्टा 300 ग्राम अतिरिक्त तौल बंद की जाए। किसानों से संबंधित लंबित मामलों, जैसे नामांतरण, बंटवारा, फौती आदि का शीघ्र निपटारा किया जाए। क्षेत्र में बंदोबस्त त्रुटियों को जल्द से जल्द दूर किया जाए। प्रदेश में बढ़ते अपराध, नशाखोरी और जुआ-सट्टे पर सख्त कार्रवाई हो। बेरोजगारी को रोकने के लिए युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएं। प्रदर्शन में युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव चित्रांश ध्रुव, पूर्व प्रदेश सचिव अमित मिरी, पूर्व एनएसयूआई जिला अध्यक्ष केशू सिन्हा, भानू सिन्हा, प्रदीप यादव, भविष्य प्रधान, सोहन नागेश, भागीरथी साहू, नवीन साहू, गुलशन यादव, सूरज यादव, तनवीर राजपूत, अज्जू खान, सतीश पटेल, खम्मन पटेल और सैकड़ों युवा कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि सरकार ने किसानों और युवाओं से किए वादे पूरे नहीं किए हैं। यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो यह आंदोलन और उग्र होगा।




### उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

पुलिस ने तिरंगा चौक पर बैरिकेड्स लगाकर प्रदर्शनकारियों को कलेक्ट्रेट तक पहुंचने से रोक दिया। इसके बावजूद प्रदर्शनकारियों का उत्साह बरकरार रहा और उन्होंने मांगों को लेकर प्रदर्शन जारी रखा। युवा कांग्रेस के इस आंदोलन से प्रशासन और सरकार पर दबाव बढ़ा है। कार्यकर्ताओं ने चेताया है कि यदि उनकी समस्याओं का समाधान जल्द नहीं हुआ, तो जिला स्तर पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# कलेक्टर ने शीबा को दी मिनी बस की चाबी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

- योजना के तहत हितग्राही को मिलेगा 35 प्रतिशत का अनुदान

जिला खादी ग्रामोद्योग बोर्ड अंतर्गत केन्द्र सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में पब्लिक ट्रांसपोर्ट सर्विस अंतर्गत मिनी बस की चाबी हितग्राही श्रीमती शीबा खान को सौंपी। जिला खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के सहायक संचालक केपी श्रीवास ने बताया कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत हितग्राही शीबा खान द्वारा पब्लिक ट्रांसपोर्ट सर्विस अंतर्गत आवेदन किया गया था। उनके आवेदन का परीक्षण करने उपरांत उनके प्रकरण को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा गरियाबंद को प्रेषित किया गया। जिस पर योजना के तहत सेवा उद्योग के लिए 20 लाख रूपये का ऋण स्वीकृत किया गया। जिसमें योजना के तहत हितग्राही को 35 प्रतिशत का अनुदान दिया जायेगा। इस दौरान शीबा खान ने बताया कि उन्हें किसी परिचित के माध्यम से जानकारी मिली कि खादी ग्रामोद्योग द्वारा संचालित योजना से पब्लिक ट्रांसपोर्ट सर्विस अंतर्गत मिनी बस के लिए ऋण प्राप्त हो सकता है। इस पर उन्होंने अपने परिवार के साथ संयुक्त जिला कार्यालय परिसर स्थित जिला खादी ग्रामोद्योग बोर्ड कार्यालय पहुंचकर इस योजना के बारे में जानकारी ली। अधिकारियों ने उन्हें इस ▶▶|शेष पेज 12 पर

# एड्स जागरुकता लाने कॉलेज में हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं




हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

स्थानीय नवीन शासकीय महाविद्यालय में एचआईवी/एड्स जागरूकता को बढ़ावा देने रेड बिन क्लब व राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में निबंध, चित्रकला व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रासेयो व रेड रिबन नोडल अधिकारी सनबरसन साहू ने बताया कि युवा छात्र-छात्राओ के माध्यम से एचआईवी/एड्स जागरूकता को प्रसारित करने उक्त प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. बीके प्रसाद ने बताया कि एड्स संबंधी सही जानकारी होने से इसके प्रसार को रोका जा सकता है। वैसे तो सभी सरकारी अस्पताल में निःशुल्क जांच की जाती है व जांच की जानकारी गोपनीय रखी जाती है। संक्रमित रक्त चढ़ाने, संक्रमित सुई के प्रयोग व असुरक्षित यौन संबंध बनाने से बचना चाहिए। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने रंगोली, चित्रकला व निबंध के माध्यम से एचआईवी/एड्स से बचने, सरकारी सुविधा प्राप्त ▶▶|शेष पेज 12 पर

### विधायक साहू का क्षेत्रीय दौरा आज



**राजिम।** 18 दिसंबर को राजिम विधायक रोहित साहू का काफी व्यस्ततम कार्यक्रम है। विधायक कार्यालय से उनके निज सहायक किशोर साहू ने बताया कि दोपहर 12:30 बजे अपने निवास स्थान राजिम से ग्राम तर्रा के लिए प्रस्थान करेंगे। तर्रा में विधायक श्री साहू पूज्य बाबा गुरू घासीदास जयंती कार्यक्रम में शाामिल होंगे। दोपहर 2:20 बजे तर्रा से पीपरछेड़ी के लिए रवाना होंगे। पीपरछेड़ी में भी बाबा गुरू घासीदास जयंती कार्यक्रम में शाामिल होंगे। शाम 4:20 बजे पीपरछेड़ी से रवाना होकर ब्लॉक मुख्यालय फिंगेश्वर में आयोजित बाबा गुरू घासीदास जयंती कार्यक्रम में शाामिल होंगे। शाम 6 बजे फिंगेश्वर से ग्राम धमनी में आयोजित बाबा गुरू घासीदास जयंती कार्यक्रम ▶▶|शेष पेज 12 पर

# ठेका कर्मियों ने हड़ताल के लिए बनाई रणनीति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

लोमश ऋषि आश्रम में पारागांव डिवीजन के विद्युत ठेका कर्मचारियों की बैठक में अनिश्चित कालीन हड़ताल के लिए रणनीति बनाई। जिसमें 19 दिसंबर तक प्रमुख मांगे पूरी नहीं होती है तो इसके बाद सभी एफओसी ड्राइवर, सबस्टेशन ऑपरेटर, एई मैंटेन्स अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। इसके लिए सभी ने प्रतिबद्धता व्यक्त की है। साथ ही निर्णय लिया गया है कि सभी ठेकेदार एक दिवसीय डिवीजन में शिविर आयोजित करे जिसमें सभी ठेका कर्मचारियों के ई एसआईसी, इपीएफ पेमेंट संबंधित सभी प्रकार की समस्याओं का निराकरण हो सके। बैठक में जिनेंद्र साहू जिलाध्यक्ष, वालेन्दु राजपूत, योगेंद्र वर्मा, भोला चक्रधारी, भूषण साहू, गिरधारी वर्मा, तरुण साहू, इंदरमन यादव, कुलेश्वर साहू, मुरारी साहू, तीजराम पटेल, जागेश्वर यादव सहित समस्त फ्यूज ऑफ काल, सबस्टेशन ऑपरेटर, एई मेंटेनट्स सहित समस्त ठेकाकर्मी उपस्थित थे।


बोर खनन
राजीव लोचन बोरवेल व कुणाल एग्रो राजिम
बड़ा गाड़ी खनन करें- ₹95 प्रति फुट, केसिंग - ₹350 प्रति फुट, 7 इंच वेल्डिंग - ₹250, सॉकेट- ₹300, फिल्टर - ₹1000
छोटे गाड़ी खनन करें- ₹100 प्रति फुट, केसिंग प्लास्टिक- ₹200 प्रति फुट, फिल्टर- ₹1000
100 वोल्टेज में चलने वाला पंप, साबर, एक्वा फ्लो, फ्लो मार्का उपलब्ध है।
बोर नकदी में, पंप 3 महीने के लिए उधारी में।
बोर खनन के लिए संपर्क करें-
मुकेश साहू पता- गरियाबंद रोड, सांई मंदिर के सामने
मो. 7828297607,9009541542




पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468




प्रेम रतन पैलेस & रिसोर्ट
राजिम-जिला गरियाबंद (छ.ग.)
सगाई, शादी ब्याह - बर्थ-डे पार्टी किटी पार्टी, ऑफिशियल मीटिंग, साल गिराह, फैशन शो की पूरी सुविधा
• हरा-भरा गार्डन
• शुद्ध हवा • AC रूम
• 24 घंटे उपलब्ध सुविधाएं
ठहरने की सर्वसुविधा युक्त शानदार व्यवस्था
9926133072
नया रायपुर से बहुत करीब, गरियाबंद मार्ग सांई मंदिर से चंद कदम दूर, राजिम
मो.नं. 7693040000, 8819959966, 8871500900

# गणित के बाद अब विज्ञान भी 'स्टैंडर्ड और बेसिक', छात्र चुन सकेंगे सरल या कठिन पाठ्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कक्षा दसवीं के विद्यार्थी अब सरल अथवा कठिन विज्ञान का चुनाव कर सकेंगे। ना सिर्फ विज्ञान, बल्कि सामाजिक विज्ञान में भी छात्रों को यह विकल्प दिया जाएगा। अब तक सीबीएसई दसवीं कक्षा में गणित के विद्यार्थियों को ही ये विकल्प प्रदान करता रहा है, लेकिन दो सत्र बाद शैक्षणिक सत्र 2026-27 से विद्यार्थियों को विज्ञान और सामाजिक विज्ञान में भी स्टैंडर्ड और बेसिक का विकल्प प्रदान किया जाएगा। इसके अनुसार पाठ्यक्रम की रूपरेखा बनाई जाएगी। ना सिर्फ दसवीं, बल्कि नवमी के विद्यार्थियों को भी यह विकल्प देने पर विचार किया जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार, इन विषयों को दो लेवल पर पेश करने का फैसला सीबीएसई की करिकुलम समिति की हाल ही में हुई बैठक में लिया गया। बोर्ड की गवर्निंग बॉडी, जो इसका सर्वोच्च फैसला लेने वाली अथॉरिटी है द्वारा फाइनल मंजूरी दिए जाने के बाद इस पर कार्य शुरू किया जाएगा। अगले सत्र में इसे लागू नहीं किया जाएगा। नवमी और दसवीं दोनों ही कक्षाओं में इसे एक साथ लागू किया जाएगा।

- अब तक गणित विषय में ही दी गई थी विद्यार्थियों को यह सुविधा
- दो सत्र बाद शैक्षणिक सत्र 2026-27 से नई व्यवस्था लागू करने की तैयारी




### समान है सिलेबस

यह सुझाव दबाव और कोचिंग कल्चर को कम करने के लिए पॉलिसी के प्रयास का हिस्सा है। वर्तमान में दसवीं कक्षा में ही विद्यार्थियों को बेसिक और स्टैंडर्ड का विकल्प दिया जा रहा है। गणित (स्टैंडर्ड) और गणित (बेसिक) चुनने वाले स्टूडेंट्स के लिए सिलेबस समान है, लेकिन बोर्ड परीक्षा में पेपर और सवालों की कठिनाइ का लेवल अलग-अलग होता है। यह सिस्टम 2019-20 एकेडमिक ईयर में शुरू की गई थी। सीबीएसई के आंकड़ों के मुताबिक, 2023-24 की परीक्षा में बेसिक लेवल के लिए 6,79,560 स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया था, जबकि स्टैंडर्ड लेवल के लिए 15,88,041 स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया था।

### अलग स्टडी मटेरियल का इस्तेमाल

एडवांस्ड और बेसिक लेवल का ऑप्शन चुनने वाले स्टूडेंट्स अलग स्टडी मटेरियल का इस्तेमाल करेंगे या केवल उनकी परीक्षा ही अलग होगी, इस पर भी मंथन होगा। सूत्रों के मुताबिक, सीबीएसई राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा नई टैक्टबुक्स के जारी होने का इंतजार कर रहा है, जो अपडेट नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क के अनुरूप है। एनसीईआरटी ने पिछले साल कक्षा पहली और दूसरी के लिए तथा इस साल कक्षा तीसरी और छठवीं के लिए नई टैक्सटबुक जारी की थी। नया एकेडमिक सेशन शुरू होने से पहले 2025 की शुरुआत में कुछ और कक्षाओं के लिए किताबें जारी होने की उम्मीद है।

## खबर संक्षेप

### पटवारियों ने किया ऑनलाइन कामकाज का बहिष्कार

**रायपुर।** इंटरनेट, कम्प्यूटर सिस्टम-लैपटॉप जैसे ऑनलाइन संसाधन व भत्ता की मांग को लेकर प्रदेशभर के पटवारी सोमवार से ऑनलाइन काम का बहिष्कार कर दिए हैं, वहीं तहसीलदार व पटवारियों का संयुक्त रूप से बने वाट्सएप ग्रुप से भी लेफ्ट हो गए हैं। इस वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से पटवारियों को तहसीलदारों द्वारा ऑनलाइन राजस्व से संबंधी कार्य करने आदेश दिए जाते थे। ग्रुप से लेफ्ट होकर पटवारियों ने इस आदेश का बहिष्कार किया है। इससे पूर्व पटवारियों ने काले रंग के कपड़े पहनकर विरोध जता चुके हैं।

### नारायण ईस्ट कोस्ट रेलवे के परामर्श दात्री समिति के बने सदस्य



रायपुर। ईस्ट कोस्ट रेलवे के क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्श दात्री समिति जेडआरयूसी में नारायण भूषणिया को रेल मंत्रालय ने सदस्य के रूप में नामांकित किया है। श्री भूषणिया का कार्यकाल 1 अक्टूबर 2024 से 30 सितंबर 2026 तक 2 वर्ष की अवधि के लिए होगा।

### सिविल इंजीनियर के घर से आभूषण और नगद रकम चोरी

**महासमुंद।** पिथौरा के सिविल इंजीनियर के घर से दिनदहाड़े सोने-चांदी के आभूषण और नगद रकम चोरी की घटना हुई है। पुलिस को प्रार्थी व वार्ड 6 निवासी जिशान अहमद ने बताया कि 15 दिसंबर की दोपहर करीब 3 बजे अज्ञात व्यक्ति ने उसके घर का ताला तोड़कर आलमारियों रखे सोने और चांदी के आभूषण, घड़ी और नगद रकम की चोरी कर ली। पिथौरा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305 (ए) के तहत अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

### छत्तीसगढ़ में डेयरी और वन उपज विकास के लिए एमओयू

**रायपुर** । छत्तीसगढ़ ने सहकारी विकास और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया है। छत्तीसगढ़ सरकार और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के बीच डेयरी क्षेत्र के विकास के लिए समझौता हुआ। साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित और राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड (एनसीओएल) के बीच एक और समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में आज दो महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। यह पहल प्रदेश में डेयरी और वन उपज विकास को गति देने के साथ ही आदिवासी समुदाय और किसानों के उत्थान की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इस अवसर पर कहा, छत्तीसगढ़ एक ऐसा प्रदेश है, जहां कुदरत ने अपनी संपदा को भरपूर मात्रा में बांटा है। यहां न तो पानी की कमी है, न भूमि की और न मेहनतकश लोगों की।

### शासकीय भूमि पर अतिक्रमण और पट्टा वितरण में गड़बड़ी की होगी जांच

**रायपूर** । छत्तीसगढ़ में पूर्ववर्ती कांग्रेस की भूपेश सरकार के दौरान पट्टा वितरण में गड़बड़ी करने का आरोप लगाते हुए भाजपा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा, पूर्व सरकार में सरकार के संरक्षण में शासकीय जमीनों की बंदरबाट की गई और उसके खिलाफ प्रशासनिक तौर पर कोई कार्रवाई सुनिश्चित नहीं हुई है। उन्होंने पूछा कि मंत्री बताएं कि ऐसे कितने अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित हुई है। वहीं जिला बिलासपुर में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण की प्राप्त शिकायतों पर कार्रवाई के संबंध में जानकारी मांगी। सवाल के जवाब में मंत्री टंकराम वर्मा ने बताया कि साय सरकार आने के बाद अभी तक कोई पट्टा वितरण नहीं हुआ है। पूर्ववर्ती सरकार में जो 700 के करीब पट्टे गलत ढंग से बंटे हैं, उसकी हम जांच कराएंगे कि वह पट्टा गलत व्यक्तियों को तो नहीं दिया गया है।

## सिलतरा व उरला में स्थानीय युवाओं को नौकरी नहीं, बाहरी को दे रहे प्राथमिकता



- प्रदेश के प्रत्येक जिले में यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन, गिनाई अपने क्षेत्र की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस द्वारा चरणबद्ध स्तर पर प्रदर्शन के निर्णय के अंतर्गत सोमवार को यूथ कांग्रेस ने धरना-प्रदर्शन किया। राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के सभी जिलों में कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं के संदर्भ में यूथ कांग्रेस के सदस्यों ने जानकारी देते हुए समाधान की मांग की। राजधानी में भी युवा कलेक्टरेट पहुंचे। इस दौरान राजधानी में विभिन्न अव्यवस्थाओं के कारण लोगों को हो रही असुविधा, बढ़ते अपराध के विषय में यूथ कांग्रेस ने कार्रवाई की मांग। यूथ कांग्रेस ने कहा, सिलतरा व उरला औद्योगिक क्षेत्र में स्थानीय युवाओं को नौकरी नहीं मिल रही है। इसके स्थान पर बाहरी लोगों को प्राथमिकता दी जा रही है। लगातार राजधानी के सड़कों पर जाम की स्थिति नजर आती है। 2 किलोमीटर का सफर तय करने में घंटे का समय लग जाता है। इस दौरान प्रदेश महासचिव भावेश शुक्ला, सागर वाघमारे, आशिक कुजूर, अभिलाषा पोएम, विनोद कश्यप, सजल चंद्राकर, तुषार गुहा सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

### 500 रुपए में नहीं मिल रहा सिलेंडर

प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा ने कहा, हमने प्रदेश के प्रत्येक जिलों में जिला मुख्यालय में जाकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। प्रदेश में अपराध एक साधारण बात हो गई है। चाकूबाजी की घटना एक आम खबर लगने लग गई है। प्रदेश में मेडिकल नशा बड़ी आसानी के साथ सभी दुकानों में उपलब्ध हो जा रहा है। इसके कारण अपराध एवं लूट और चोरी की घटनाएं राजधानी समेत पूरे प्रदेश में बढ़ गई है। आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार को एक वर्ष हो गए हैं।

## एमआईसी की बैठक में 11 प्रस्तावों पर लगी मुहर

# दर्जनभर से ज्यादा जगहों पर बनेंगे नए शौचालय, 2 स्थानों पर नई लाइब्रेरी भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महापौर एजाज ढेबर की अध्यक्षता में सोमवार को गांधी सदन के एमआईसी कक्ष में मेयर इन काउंसिल की बैठक आयोजित की गई। इसमें 11 एजेंडों पर परिषद के सदस्यों ने विचार-विमर्श कर प्रस्ताव को मंजूरी दी। इन प्रस्तावों के तहत शहर में 13 स्थानों पर आम जनता की सुविधा के लिए 6 और 10 सीटर नए शौचालय निर्माण, राजधानी में नालंदा की तर्ज पर दलदल सिवनी के साइंस सेंटर के पीछे स्थित खाली जगह पर 2 मंजिला नई लाइब्रेरी और नालंदा परिसर में 1000 विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था, नया लाइब्रेरी भवन बनाने के प्रस्ताव पर मुहर लगाई गई। एक अन्य प्रस्ताव में राजधानी के आउटर वार्ड स्थित फुंडहर में टेनिस एकेडमी के पास रिक्त भूमि पर इंडोर स्टेडियम बनाने का प्रस्ताव एमआईसी में पारित हुआ।

युवाओं के लिए नए साल में 2 नई लाइब्रेरी का निर्माण किया जाएगा। कुशाभाउ ठाकरे वार्ड स्थित दलदल सिवनी में साइंस सेंटर के पीछे खाली पड़ी जगह पर 500 सीटर लाइब्रेरी बनाई जाएगी। इसी तरह जीई रोड स्थित नालंदा परिसर के पीछे 2 फ्लोर वाली सर्वसुविधा युक्त लाइब्रेरी का निर्माण कराया जाएगा। नगरीय प्रशासन के तकनीकि प्रकोष्ठ द्वारा 2 जगहों पर नई लाइब्रेरी निर्माण कराया जाएगा। मेयर इन काउंसिल की बैठक में नई लाइब्रेरी निर्माण संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इससे आने वाले दिनों में युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने और शैक्षणिक अध्ययन संबंधी कार्य में सहूलियत मिलेगी। एमआईसी की बैठक में नामकरण, स्थल परिवर्तन संबंधी प्रस्ताव के अलावा फुंडहर में टेनिक एकेडमी के पास रिक्त भूमि पर इंडोर स्टेडियम बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इंडोर स्टेडियम में 1 बास्केट बाल कोर्ट, 3 बैडमिंटन कोर्ट, 1 बाक्सिंग कोर्ट, 1 टेबल टेनिस कोर्ट के अलावा खिलाड़ियों के लिए चेंजिंग रूम बनाया जाएगा।

बैठक में एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा, श्रीकुमार मेनन, समीर अख्तर,रितेश त्रिपाठी, आकाश तिवारी, जितेन्द्र अग्रवाल, सुरेश चन्नावार, सुंदर जोगी, द्रोपती पटेल, अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल, राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, अपर आयुक्त विनोद पांडे सहित जोन कमिश्नर व विभागीय अधिकारी उपस्थत रहे।




**6 सीटर शौचालय इन जगहों पर प्रस्तावित्र**

- 0 पुरानी बस्ती क्षेत्र में दूधाधारी मठ के पास
- 0 विद्याचरण शुक्ल वार्ड में एजेंसी पार्क के पास
- 0 महादेवघाट के पास.

**10 सीटर शौचालय इन जगहों पर**

- 0 तेलीबांधा तालाब के पास
- 0 स्वामी विवेकानंद सरोवर के पास
- 0 कटोरातालाब के पास
- 0 कालीमाता मंदिर के पास
- 0 महामाया मंदिर के पास
- 0 भाठागांव बस स्टेंड के पास
- 0 राम मंदिर के पास
- 0 जीई रोड में नालंदा परिसर के समीप
- 0 समता कालोनी क्षेत्र में खाटू श्याम मंदिर के पास
- 0 जगन्नाथ मंदिर के पास

हरिभूमि सरोकार

*13 जगहों पर नए शौचालय बनाने का प्रस्ताव : स्वच्छ भारत मिशन के तहत राजधानी में 13 स्थानों पर 6 सीटर और 10 सीटर नया शौचालय का निर्माण कराया जाएगा। शौचालय के साथ यूरिनल निर्माण के लिए ई टेडरिंग कर निविदा निकाली जाएगी। अनुबंधित कंपनी 5 साल तक शौचालय के संधारण व संचालन का कार्य करेगी। आकांक्षीय शौचालय शहर के 3 स्थानों पर 6 सीटर औश्र 10 जगहों पर 10 सीटर नए शौचालय का निर्माण संबंधी प्रस्ताव को एमआईसी ने पारित किया है।*

## स्वच्छता दीदी, निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारियों की रैली विस घेरने निकले, पुलिस ने रोका




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर 3 अलग-अलग कर्मचारी संगठनों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ स्वच्छता दीदी महिला, पुरुष महासंघ के आव्हान पर बड़ी संख्या में कर्मचारी धरना स्थल से विधानसभा घेराव के लिए रैली निकले। ताली पीटकर कलेक्टर दर पर मानदेय की मांग कर रही स्वच्छता दीदी ने शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने जमकर हल्ला बोला। विधानसभा घेराव के लिए लिए हड़ताली कर्मचारियों को पुलिस प्रशासन ने रास्ते में ही रोक दिया। वहीं छत्तीसगढ़ नगरीय प्लेसमेंट कर्मचारी और निकाय के नवनियुक्त कर्मचारी अधिकारी महासंघ के आंदोलन में प्रदेश के दूरदराज से आए कर्मचारी शामिल रहे। सोमवार को धरना स्थल पर कर्मचारियों के धरना प्रदर्शन के कारण खासी गहमागहमी देखने को मिली। प्रदेशभर से स्वच्छता दीदी अपनी लंबित मांगों को लेकर विधानसभा घेराव के लिए एकत्रित हुईं। हाथों में बैनर पोस्टर लेकर बड़ी संख्या में स्वच्छता दीदी महिला व पुरुष महासंघ के बैनर तले महिलाओं ने विधानसभा घेराव के लिए धरना स्थल से रैली निकाली। इसके साथ ही प्रदेशभर से नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी निकायों में ठेका प्रथा समाप्त कर निकायों में समायोजन कर विभाग से वेतन भुगतान की मांग करने बड़ी संख्या में एकजुट हुए। सरगुजा, दुर्ग, बिलासपुर, रायपुर और बस्तर संभाग से भी निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारी धरना स्थल पर प्रदर्शन करने पहुंचे।

- 3 संगठनों ने एक साथ किया विरोध प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा

## बच्ची को मां से छीनकर बिना तलाक लिए किया दूसरा विवाह




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पहली पत्नी से उसकी बच्ची को छीनकर दूसरी महिला से विवाह करने के प्रकरण में राज्य महिला आयोग ने आरोपी व्यक्ति को बच्ची और दूसरी महिला के साथ सुनवाई में उपस्थित होने का आदेश दिया है। आरोपी महासमुंद के वेयर हाउस में दैनिक वेतनभोगी है। आदेश का पालन नहीं करने पर आयोग आरोपी की सेवा समाप्ति के लिए विभाग से अनुशंसा करेगा। आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक सहित अन्य सदस्यों ने सोमवार को महासमुंद के कलेक्टर सभाकक्ष में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रस्तुत प्रकरणों पर सुनवाई की। इस दौरान एक महिला ने अपने पति के विरुद्ध शिकायत की थी कि उसका विवाह वर्ष 2008 में हुआ था। दोनों पति-पत्नी के 5 वर्ष की बेटी और 2 वर्ष का बेटा है। किसी कारण से दोनों के बीच विवाद होने पर उसका पति उसकी बेटी को उससे छीनकर अलग रहने लगा और एक दूसरी महिला से विवाह कर लिया। दूसरी महिला द्वारा उसके पति के साथ करवाचौथ मनाते हुए फोटो भी सोशल मीडिया में अपलोड किया गया है, जिससे यह पता चलता है कि दोनों ने विवाह कर लिया है। आयोग ने जब दूसरे विवाह के बारे में अनावेदक से पूछा, तो वह गलती छिपाने का प्रयास करने लगा। इस पर आयोग ने अनावेदक को आदेश दिया है कि 24 दिसंबर को रायपुर में इस मामले में सुनवाई की जाएगी, जिसमें उसे बच्ची और दूसरी महिला के साथ उपस्थित होना है।

# हरिभूमि कैलेंडर का विधायक ध्रुव ने किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

नववर्ष 2025 हरिभूमि नया कैलेंडर शेख न्यूज एजेंसी मैनपुर जिला गरियाबंद द्वारा मंगलवार को बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव के हाथों विमोचन किया गया। इस मौके पर विधायक जनक ध्रुव ने कहा की हरिभूमि द्वारा हर साल नववर्ष में कलेंडर प्रकाशित किया जाता है जिसके माध्यम से अनेक जानकारियां हासिल होती है। यह कैलेंडर लोगों के लिए बहुत उपयोगी है। श्री ध्रुव ने आगे कहा की हरिभूमि अखबार हमेशा सच के साथ खड़ा है तथा क्षेत्र के छोटे बड़े खबरों को प्रमुखता के साथ अखबार में उठाता है। इस मौके पर प्रमुख रूप से रामकृष्ण ध्रुव, गेन्दू यादव, नीरज ठाकुर, नंदकिशोर पटेल एवं बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। वहीं दूसरी ओर हमारे मैनपुर हरिभूमि वरिष्ठ पत्रकार शेख हसन खान ने हरिभूमि नया





### सीएम साय, नेता प्रतिपक्ष महंत, पूर्व सीएम बघेल को भेंट किया गया कैलेंडर

कलैंडर की प्रति छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, महासमुंद पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, राजिम विधायक रोहित साहू, बालोद विधायक संगीता सिन्हा, सरायपाली विधायक चतुरीनंद, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, सिहावा विधायक अंबिका मरकाम, धमतरी विधायक ओंकार साहू, कोंडागांव विधायक लता उसेंडी, गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद, आरंग विधायक गुरू खुशवंत साहेब, चन्द्रपुर विधायक रामकुमार यादव, कसडोल विधायक संदीप साहू सहित कई विधायक मंत्री, अफसरों, अधिकारियों को हरिभूमि कलेंडर भेट किया गया सभी ने अपने शुभकामनाएं दी।

# अमितेश की गरियाबंद और महासमुंद को आपस में लड़वाने की साजिश : चंदूलाल

**राजिम।** सिकासेर बांध के पानी को लेकर पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल द्वारा की जा रही राजनीति पर पूर्व सांसद चंदूलाल साहू ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि शुक्ल को जरा भी तकनीकी ज्ञान नहीं है जिसके चलते ही वे अपने नेता राहुल गांधी की तरह बिना सिर-पैर की बातें करते हुए गरियाबंद और महासमुंद जिला को आपस में लड़वाने की साजिश रचते हुए ओछी राजनीति कर रहे हैं, जो काफी खतरनाक है। श्री साहू ने कहा कि पहली बात तो यह है कि सिकासेर बांध पैरी नदी का पानी नहीं बल्कि बांध का ओवरफ्लो पानी महासमुंद जाएगा। दूसरी बात यह कि यह पानी छुरा विकासखंड से होते हुए महासमुंद जाएगा, जिससे छुरा विकासखंड के संबंधित इलाकों के खेत सिंचित होंगे उससे इस इलाकों के किसान लाभान्वित होंगे। लेकिन शायद विधानसभा चुनाव में अपनी करारी हार से बुरी तरह बौखलाए शुक्ल, छुरा विकासखंड के किसानों का भला नहीं चाहते। श्री साहू ने कहा समूचे प्रदेश में किसी भी नदी का पानी, किसी दूसरे जिले में ले जाने का विरोध किए जाने का एकमात्र उदाहरण शुक्ल पेश कर रहे हैं। जबकि किसी नदी का पानी विभिन्न जिलों में ले जाना सामान्य बात है।



महानदी का पानी धमतरी के अलावा प्रदेश के 10 अन्य जिलों से होकर उड़ीसा जाती है । यह सामान्य सी बात या तो शुक्ल को समझ नहीं आ रहा है या फिर वे जानबूझकर इसे खुद नहीं समझना चाहते और राजिम क्षेत्र के शांत माहोल को खराब करना चाहते है। श्री साहू ने कहा कि लगातार तीसरा लोकसभा चुनाव हरियाणा व महाराष्ट्र चुनाव हारने के बाद राहुल गांधी इस कदर आक्रोशित हैं कि वे अब देशवासियों को जाति के नाम पर बांटना चाहते हैं फिर चाहे इससे देशवासियों के मध्य जाति के नाम पर आपसी वैमनस्यता ही क्यों न पैदा हो जाए? ठीक उसी तरह शुक्ल भी अपने नेता के नक्शेकदम पर चलते हुए गरियाबंद वासियों का हमदर्द बनने का ढोंग रचते हुए गरियाबंद व महासमुंद जिले के लोगों के मध्य खाई बनाना चाहते हैं, जिससे वे आने वाले विधानसभा चुनाव में फिर से अपनी किस्मत आजमा सकें। श्री साहू ने तंज कसते हुए कहा कि रायपुर में रहकर राजनीति करने वाले शुक्ल अगर भूले से भी राजिम विधानसभा क्षेत्र या फिर गरियाबंद के लोगों का हितवा बनने की बात कहते हैं तो इससे अधिक हास्यास्पद और कुछ हो ही नहीं सकता।

# म्यूजिक ग्रुप के वार्षिक सम्मेलन में सम्मानित हुई बेबी सिमरन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

म्यूजिक ग्रुप परिवार छुरा का वार्षिक मिलन समारोह स्थानीय गुप्ता फॉर्म हाउस में रविवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम के सर्वप्रथम म्यूजिक परिवार के वरिष्ठगन डॉक्टर आनंद गुप्ता, सुबोध फ्रैंकलिन राकेश दास, उत्तम पवार, दीपक दीवान, रामकरण त्रिवेदी, संजय महाड़िक, मंचासीन हुए। सुबोध फ्रैंकलिन ने कहा कि म्यूजिक परिवार में रायपुर से आकर शामिल होना एक अलग आनंद देता है। आत्मीयता से भरपूर इस आयोजन में प्रेम और सुकून मिलता है। कराओके म्यूजिक के इस कार्यक्रम का प्रारंभ नेमीचंद यादव ने गणेश वंदना से किया। पश्चात छगन देवांगन ने मुकेश के गीत जिन्हें हम भूलना चाहे की प्रस्तुति दी। डिगेश्वरी गोस्वामी ने लता मंगेशकर के विनोद देवांगन ने मोहम्मद रफी के राकेश दास रायपुर ने जगजीत सिंह की गजल लिलेश्वर प्रसाद साहू राजिम ने मैं शायर तो नहीं, ऋषि साहू ने शब्बीर कुमार के रुपेश शर्मा ने किशोर कुमार के कुंदन सोनी ने बबला मेहता के क्रांति साहू ने अमित कुमार के सलीम मेमन ने मोहम्मद रफी के एवं विनय कुमार साहू रायपुर ने गोरेलाल बर्मन के कहावत बनिया छुनुर छुनुर व कुमार सानू के सोचेंगे तुम्हें प्यार करें कि नहीं गीत को गाकर बखूबी मंच पर समा बांधा एवं तालियां बटोरी। इसी प्रकार चितरंजन चंद्राकर किशोर कुमार के हेमंत विश्वकर्मा ने येसुदास के पंकज गुप्ता ने मोहम्मद अजीज के संजय महाड़िक राजिम ने उदित नारायण के सुबोध फ्रैंकलिन रायपुर ने मोहम्मद रफी व किशोर कुमार के श्याम नेमाम ने कविता वासनिक और आशा भोसले के आनंद गुप्ता ने किशोर कुमार के गीत गाए छत्तीसगढ़ी गीतों के मशहूर गायक स्व मिथलेश साहू के गीत पानी रे पिया जियत भर ले को रीझे यादव ने गाकर उन्हें उनकी पुण्यतिथि के पूर्व संध्या पर श्रद्धांजलि अर्पित की। हरीश ठक्कर गरियाबंद ने मुकेश एवं मन्नाडे के दीपक दीवान दुर्ग ने येसुदास एवं किशोर कुमार के धनंजय हरित फिंगेश्वर ने नीलकमल वैष्णव के गीत मोला छोटू राम बना दे को नेमीचंद यादव के साथ युगल जोड़ी बनाकर कार्यक्रम में समा बाधा अंत में सामूहिक गीत कभी अलविदा ना कहना गीत की प्रस्तुति मंच पर सभी ने मिलकर किया। इससे पूर्व बेबी सिमरन कमार को उनकी सुंदर प्रस्तुति जो बोएगा वोही पाएगा के लिए म्यूजिक परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। साथ ही लक्की ट्रेलर्स की ओर से तथा नेमीचंद यादव की ओर से भी संप्रेम भेंट दी गई। कार्यक्रम का संचालन हीरालाल साहू, रूपेश शर्मा, रीझे यादव और मोहनी गोस्वामी ने किया। आभार डॉक्टर आनंद गुप्ता ने व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में लक्की मेमन पुखराज ठाकुर, देवेंद्र सिन्हा, तरुण वर्मा, विमल पुरोहित आदि का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में विशेष रूप से आशीष ठक्कर, गरियाबंद योगेश्वर कुंवर, देवलाल यादव, रसेला केशव यादव, भगवान सिंह ध्रुव, यशवंत नायक, ललित वर्मा, सेतु कुमार साहू रायपुर, दिनेश साहू रायपुर, डामिन साहू, भगवान सिंह ध्रुव, सिद्धि साहू, श्रीमती गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



## पेज 11 के शेष...

### कलेक्टर ने शीबा को...

योजना के बारे में उन्हें विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए उन्हें इसका लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया। तो उन्होंने इस योजना का सारी औपचारिकताएं पूर्ण कर खादी ग्रोमोद्योग बोर्ड को अपना प्रकरण सौपी। इसके उपरांत उन्हें कुछ माह में ही उन्हें इस योजना के तहत लाभान्वित किया गया। उन्होंन कहा कि प्रक्रिया सरल होने से केन्द्र सरकार एवं जिला प्रशासन व खादी ग्रामोद्योग बोर्ड को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर राकेश गोलछा एवं उनके परिजन उपस्थित थे।

### एड्स जागरुकता ...

करने व सावधानी बरतने का संदेश दिया। प्रतियोगिता में रासेयो के छात्र-छात्राओं सहित शीतल तभाने, दिनेश साहू, माधुरी साहू व लोकेश यादव ने महत्वपूर्ण भूमिका निर्वहन किया। प्रतियोगिता के सहप्रभारी जयश्री वर्मा ने बताया कि 63 छात्र-छात्राओं द्वारा सहभागिता निभाई गई। जिसमें भाषण प्रतियोगिता में रत्ना यादव बीएससी प्रथम के छात्र ने प्रथम स्थान व बीए प्रथम के छात्र रूपम दास ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। निबंध में बीएससी द्वितीय की छात्र अंजली बाम्बोडे ने प्रथम तो बीए अंतिम की छात्र महेष्वरी नागेश ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह चित्रकला प्रतियोगिता में फगनी साण्डे बी.ए. प्रथम ने प्रथम व हसीना कपिल बी.ए.द्वितीय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### विधायक साहू का...

में शाामिल होंगे। धमनी से विधायक श्री साहू का काफिला शाम 7:30 बजे राजिम शहर के लिए रवाना होंगे। 8 बजे शहर में पूज्य बाबा गुरूघासीदास जयंती कार्यक्रम में शामिल होंगे। रात 9:20 बजे निवास के लिए प्रस्थान होंगे। रात्रि विश्राम राजिम में होगा।

**खबर संक्षेप**



## शिविर में दर्जनों युवाओं ने किया रक्तदान

**राजिम।** संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जी के 268वीं जयंती के अवसर पर तहसील स्तरीय सतनामी समाज परिक्षेत्र राजिम के संयोजक एवं पूर्व अध्यक्ष मुन्ना कुर्रे के नेतृत्व में गुरुघासी दास मंदिर परिसर स्थित नव निर्मित भवन में महानदी ब्लड बैंक द्वारा रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का शुभारंभ डॉ. आनंद मतवाले गुरुजी द्वारा किया गया। गुरुजी ने उपस्थित समाज को रक्तदान के महत्व को बताते हुए युवाओं को रक्तदान करने प्रेरित किया। इस अवसर पर संयोजक मुन्ना कुर्रे द्वारा रक्त दान के महत्व को बताया गया कहा कि रक्तदान जीवन दान के बराबर होता है जो किसी बीमार गरीब मरीज को ब्लड बैंक द्वारा उपलब्ध कराया जाता है जिससे कि बीमार पीड़ित व्यक्ति को जीवन दान मिल सके। मालूम हो कि मुन्ना कुर्रे के प्रेरणा एवं प्रयास से दर्जनों युवाओं ने रक्तदान किया। सभी रक्तदान करने वाले युवाओं को महानदी ब्लड बैंक द्वारा प्रशंसा पत्र एवं वैक्यूम फ्लास्क सेट भेटकर सम्मानित किया गया। रक्तदान करने वालो में शिक्षक भागचंद चतुर्वेदी, युवा समाज सेवक किरण टण्डन, राजेश परमार, राकेश कुमार भारती, महेंद्र कुमार भारती, जितेन्द्र थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में तहसील अध्यक्ष तुलेश्वर घृतलहरे, सचिव सुघरमल आड़े, सहदेव बंजारे, विष्णुराम जांगड़े, किरण टण्डन, सनत चेलक, कोमल ढीढी, धनेंद्र टण्डन, कमलेज बघेल, गोविंद चतुर्वेदी सहित समाज के पदाधिकारी एवं महानदी ब्लड बैंक के स्टॉफ का योगदान रहा।

## दिव्यांग एवं फिटनेस मेडिकल बोर्ड का आयोज़न 27 को

**महासमुंद।** शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय महासमुंद में प्रति बुधवार को दिव्यांग मेडिकल बोर्ड एवं प्रति शुक्रवार को फिटनेस मेंडिकल बोर्ड का आयोजन किया जाता है। संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक ने बताया कि बुधवार 18 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती एवं 25 दिसंबर को क्रिसमस पर्व पर लगातार दो सप्ताह दिन बुधवार को सार्वजनिक अवकाश होने से दिव्यांगजन की सुविधा हेतु दिव्यांग मेडिकल बोर्ड एवं फिटनेस मेडिकल बोर्ड का आयोजन शुक्रवार 27 दिसंबर को समेंकित रूप से किया जाएगा।

**कार्यक्रम : रसेला में आंबा कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिनों और पंचों का किया गया सम्मान**

# मितानिन गांवों में मातृत्व व शिशु संरक्षण के साथ-साथ निभा रही संपूर्ण जवाबदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रसेला

ग्राम पंचायत रसेला में मितानिन व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिका और पंचों का मंगलवार को सम्मान किया गया। इस दौरान सरपंच बिगेन्द्र ठाकुर, उपसरपंच परमेश्वर यादव, सचिव रूपराम यादव, ग्राम प्रमुख दुखू राम यादव, कमलेश्वर नायक, संतराम नेताम, भावसिह मरकाम, धनीराम यादव, लोकराम ध्रुव शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरपंच बिगेन्द्र ठाकुर ने कहा कि ग्राम में निरंतर सेवा दे रहे मितानिन व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका की सेवा अनमोल है, जो बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा प्रदान करतीं हैं और साथ में बच्चों को सुपोषित भोजन कराकर कुपोषण से दूर रखतीं हैं व गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार प्रदान कर उनका संपूर्ण देखभाल करने का काम निस्वार्थ भाव से करती है। मितानिन गांवों में मातृत्व व शिशु संरक्षण के साथ- साथ संपूर्ण जवाबदारी निभा रही हैं। इसी कड़ी में उपसरपंच परमेश्वर यादव ने कहा कि संचालित आंगनबाड़ी में कार्यरत कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का कार्य केवल बच्चों को पोषण आहार प्रदान करना ही नहीं बल्कि उनके द्वारा बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा दीक्षा के बीजारोपण भी किया जाता है। जिस पर स्कूल शिक्षा एवं उच्च शिक्षा की विशाल इमारत खड़ी होती है।


**समाज में मितानिनों की है अहम भूमिका**

ग्राम प्रमुख दुखू राम यादव ने कहा कि माता तो केवल अपने बच्चों को ही देखभाल करती है। लेकिन आप सभी सौभाग्यशाली है कि प्रतिदिन अपने आंगनबाड़ी क्षेत्र के आंगनबाड़ी आने वाले सभी छोटे बच्चों के लिए एक माता की भूमिका का निर्वहन करती है। कमलेश्वर नायक ने कहा कि मितानिनों के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य परक, गर्भावस्था की देखभाल, पौष्टिक आहार व समाज में जानकारी प्रदान करतीं हैं। समाज में अहम भूमिका होती है शासन की योजनाबद्ध तरीके से पालन कराने में विशेष सहयोग रहा है। ऐसे में इन्हें सम्मानित करना हम सभी के लिए गर्व की अनुभूति है। संबोधन की कड़ी में संतराम नेताम ने कहा कि मितानिन गांवों में मातृत्व व शिशु संरक्षण के साथ साथ संपूर्ण जवाबदारी निभा रही हैं। इन लोगों की जितनी प्रशंसा की जाये वह कम है। सभी मितानिनों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं और महिला



पंचों को साड़ी देकर सम्मानित किया गया। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित सभी आमंत्रित ग्राम प्रमुख और सभी पंचों को शाल भेंट कर सह सम्मान किया गया। इस मौके पर मितानिन बैसाखीन बाई, बिमला मानिकपुर, दुलम यादव, सुशीला सिन्हा, दिपकुमारी, फूलबासन ठाकुर, विशवासा ध्रुव, देवबत्ती, तरूणा यादव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रभादेवी यादव, लीला ठाकुर, त्रिवेणी यदु ,चित्ररेखा यादव, देवकवर, मालती ठाकुर, सहायिका चमेली, रामबाई, सेवती बाई, गोमती, हेमकुमारी, तेजकुमारी, पंचगण यास्मीन सेन, सरिता कोमर्रा, तुलसी कुर्रे, शारदा यादव, सुमीत्रा सोरी, नेमीन यादव, साधना जयसवाल, धनमोतिन ठाकुर, डायमंड ध्रुव, भुनेश्वर मरकाम , हेमंत सेन, कैलाश यादव , चन्द्रपाल ठाकुर, संतराम ठाकुर, भृत्य टंकेश्वर सेन सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

# शहर के शीतला तालाब जीर्णोद्धार के लिए मिले 37.57 लाख रुपए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

नगर पंचायत राजिम के वार्ड क्रमांक 14 पथर्रा शीतला तालाब जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण के लिए राजिम विधायक रोहित साहू की अनुशंसा पर 37.54 लाख रुपये की स्वीकृति मिली है। स्वीकृति मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए वार्ड नंबर 14 पथर्रा के युवा नेता कुलेश्वर साहू के नेतृत्व में वार्ड के नागरिकों ने विधायक रोहित साहू के निवास पहुंचकर बधाई देकर धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर गोविंदा पाल,समारू साहू,बिरेन्द्र साहू, तोरण वर्मा,प्रीतम वर्मा,डिगेश वर्मा,डोमन ध्रुव,डोमन साहू,महेश वर्मा, इंद्रकुमार साहू,बेदराम साहू,यशोदा साहू, सुनीता यादव, तिरिथ साहू,निर्मला साहू सहित सैकड़ों वार्डवासी उपस्थित थे।

**विधायक का कराया मुंह मीठा**



**राजिम।** शहर के वार्ड क्रमांक 14 पथर्रा शीतला तालाब जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण के लिए राज्य प्रवर्तित योजना अंतर्गत प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने विधायक रोहित साहू की अनुशंसा पर 37 लाख 54000 की राशि स्वीकृति दी है। नगर पंचायत के सभापति पुष्पा गोस्वामी एवं मुहल्ले के लोग विधायक निवास पहुंचकर विधायक रोहित साहू का बुके भेंट कर स्वागत किया और मिठाई खिलाई।

# फणीकेश्वरनाथ कॉलेज में हुआ वार्षिक अभिमुखीकरण व संवेदीकरण कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फिंगेश्वर






इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी एवं छत्तीसगढ़ शासन,उच्च शिक्षा विभाग,जिला कलेक्टर व जिला इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष दीपक अग्रवाल एवं सचिव गार्गी यदु पाल, मुख्य स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशानुसार एवं मार्गदर्शन में इंडियन यूथ रेडक्रास सोसायटी, फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय फिंगेश्वर एवं जिला शाखा गरियाबंद के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवादास बंजारे के समन्वय तथा नेतृत्व में वार्षिक अभिमुखीकरण सह संवेदीकरण कार्यशाला ''मैं खुशी के साथ देता हूं और जो खुशी मैं देता हूं वह एक पुरस्कार है'' विषय पर आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सभापति, इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा गरियाबंद एवं सभापति, जिला पंचायत गरियाबंद मधुबाला रात्रे, कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्वेता मिश्रा ने की,अति विशिष्ट अतिथि के रूप में इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा गरियाबंद उप सभापति एवं अध्यक्ष जनपद पंचायत फिंगेश्वर, पुष्पा जगन्नाथ साहू, विशिष्ट अतिथि के रूप में इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा गरियाबंद के कोषाध्यक्ष बोधन राम साहू, जिला संगठक रोमन लाल साहू और इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा गरियाबंद के प्रबंध समिति के सदस्य देविकी साहू उपस्थित रहे। यह कार्यशाला तीन सत्रों में आयोजित किया गया। प्रथम सत्र में कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ सरस्वती मां, छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र की पूजा अर्चना कर छत्तीसगढ़ राज्यकीय गीत अरपा पैरी के धार का गायन कर किया गया। तद्पश्चात सभी अतिथियों का स्वागत रेडक्रॉस बैच एवं पुष्प हार, गुलाल लगाकर किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सहित दलनायक पुरुषोत्तम यादव, दलनायिका दुर्गा साहू, दिवा संगठक टोमेश्वरी साहू, यश कुमार धुव्र ज्ञापन संगठक सोहद्रा व नेमन साहू, मिडिया प्रभारी हेमशरण व जीवराज साहू सहित खुशबू निषाद, नीतू साहू, सोहद्रा सिन्हा, मोनिका साहू, ओमप्रकाश निषाद, ओंमकार, रेवत कुमार, फनेश्वरी साहू, लोकेश्वरी साहू, पायल साहू, चन्द्रमुखी, केशरी निर्मलकर, आर्यन निलमर्कर, हेमलता साहू, शीतल सिन्हा, कृति सिन्हा, वर्षा साहू, नूतन, कामेश्वरी, कल्याणी यादव, लेखनी साहू, कल्याण साहू आदि सहित 73 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# सिकासेर का पानी महासमुंद ले जाना जिले के किसानों के साथ नाइंसाफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फिंगेश्वर



सिकासार की सरकारी योजना में राजिम के किसानों की हित की अनदेखी विधायक रोहित साहू कर रहे हैं। रवि फसल के सीजन में बूंद बूंद पानी को तरसने वाले किसानों से जा कर पूछे कोडार से सिकासेर को जोड़ना कितना उचित रहेगा? सिकासेर का पानी महासमुंद जिला ले जाना गरियाबंद जिले के किसानों के साथ नाइंसाफी।उक्त बाते पूर्व विधायक एवं प्रथम पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ला ने फिंगेश्वर विश्रामगृह में प्रेस वार्ता में कही। राजिम के पूर्व विधायक एवं प्रथम पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल ने एक बार फिर भाजपा के घोषणा पत्र में उल्लेखित क्रमांक 15 में एवं उलट का पानी देना का प्लान कोडार शिकासार बांध इंटरलिंकिंग पर अपना बयान जारी किया है। अमितेश ने भाजपा विधायक रोहित साहू के बयान पर फिर से पलटवार किया है। शुक्ल ने कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र में उल्लेखित क्रमांक 15 में कही भी उलट का पानी देने का उल्लेख नहीं किया गया है।लिंकिंग योजना का प्लान सार्वजनिक किया जाए,बल्कि पता चल जायेगा कि यह योजना लींकेज व बेकार बह कर जाने वाले पानी को महासमुंद में देने की है या कुछ और है? शुक्ल ने कहा कि बांध लिंकिंग शब्द से स्पष्ट है कि योजना में एक बांध से दूसरे बांध को जोड़ना है।उसके लिए तकनीकी सर्वे कर दिया गया है।अमितेश शुक्ल ने कहा कि राजिम विधायक यह भी बताए कि वर्तमान में सीकासार जलाशय रवि व खरीफ सीजन में तय रूपांकित एरिया में पर्याप्त सिंचाई देने कितना सक्षम है।खरीफ की सिंचाई तक सीमित योजना को अपग्रेड कर राजिम के किसानों को रवि के सीजन में भरपूर पानी देने की दिशा में काम होना था।लेकिन राजिम के किसान के बजाए दूसरे क्षेत्र के किसान की चिंता समझ से परे है।अमितेश ने नसीहत देते हुए कहा कि महासमुंद के किसानों की चिंता भी जायज है पर उन्हें कोडार बांध को सक्षम बनाना चाहिए ना कि सिकासर बांध की संरचना को छेड़ छाड़ करना चाहिए।

अमितेश ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यह मेरी व्यक्तिगत भावना नहीं है बल्कि राजिम क्षेत्र के पीड़ित किसानों की मांग है।किसानो की मांग के अनुरूप योजना बंद नहीं किया गया तो उसके लिए वृहद आंदोलन किया जाएगा। जिसके लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार होगी। अवसर पर उनके साथ कांग्रेस के कांग्रेस के वरिष्ट नेता ओमप्रकाश बंछोर, पार्षद अनिल चंद्राकर, कमलेश यदु, सुनीता श्रीवास, जितेन्द्र सिह ठाकुर, राजेन्द्र सूर्यवंशी, टिकेश साहू, नत्थू कश्यप, हरिशंकर श्रीवास्तव सहित पत्रकारगण उपस्थित थे।



## डॉ. डहरिया का नवापारा में हुआ स्वागत

**नवापारा-राजिम।** पूर्व मंत्री शिव डहरिया का नवापारा में आत्मीय स्वागत हुआ। स्वागत करने वालो में नगर पालिका अध्यक्ष धनराज मध्यानी, जीत सिंग, संध्या राव, अनूप खरे, अर्जुन साहू, राजा चावला, रामा यादव , फागुराम देवांगन, विक्की नारवानी, गुड्डी नारवानी, अहमद रिजवी, विश्वनाथ नवरंगे, दिनेश टंडन, चेतन रजा सहित दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल थे।

# जेंजरा में मनाया गया जनादेश परब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

कृषक सहकारी संस्था जेंजरा में भाजपा सरकार के एक वर्ष के शानदार कार्यकाल पर प्राधिकृत अधिकारी महेश कुमार साहू के नेतृत्व में मंगलवार को जनादेश परब मनाया गया। इस दौरान सभी किसानों का स्वागत-सम्मान किया गया। प्राधिकृत अधिकारी श्री साहू द्वारा भाजपा सरकार के एक साल के बेहतर कामकाज को किसानों के समक्ष बताया गया। इस अवसर पर परदेशी राम साहू, डॉ. दिलीप साहू, आसकुमार, भुवन साहू, जालम साहू, झंगुराम साहू, जीवराखन साहू, प्रमोद कुमार, हेमुराम, वासुदेव, टीकाराम, सोमनाथ, लीलाधर साहू, धनराज कंवर, प्रबंधक मुकेश साहू, पारस वर्मा, चुम्मन एवं प्रीतराम वर्मा सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।




## भलेसर में शिव महापुराण कथा 20 से

**कोमाखान।** ग्राम भलेसर (कोमाखान) में योगी परिवार के अलावा ग्रामवासियों के सहयोग से शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 20 दिसंबर से किया गया है, जो 27 दिसंबर तक चलेगा। आयोजक योगी परिवार के सदस्य लक्ष्मीनाथ योगी ने बताया कि प्रथम दिन 20 को कलश यात्रा के बाद घट स्थापना के साथ देव आव्हान, 21 को शिव कथा प्रारंभ होगी। 22 को शिव प्राकट्य, 23 को सोमवार व्रत कथा, 24 दिसंबर को शिव पार्वती विवाह, 25 दिसंबर को कार्तिक गणेश जन्म, 26 दिसंबर को कथा सार चढ़ोतरी के बाद अंतिम दिन 27 दिसंबर को शिव गीता हवन, पूर्णाहुति पश्चात शोभायात्रा ग्राम भ्रमण हेतु निकलकर समापन किया जाएगा।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी
जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राउंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल
Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

# सतनामी समाज ने शोभायात्रा निकालकर बाबा के बताए रास्ते पर चलने का दिया संदेश





हरिभूमि न्यूज ▶▶ फिंगेश्वर

गुरु घासीदास बाबा की 268वीं जयंती के अवसर पर मंगलवार को नगर मे सतनामी समाज के द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। 18 नवंबर को नगर मे बाबा की जयती धूमधाम से मनाई जावेगी।

शोभायात्रा को लेकर डीजे के धुन पर बाबा की भक्ति संगीत में समाज के युवा शोभायात्रा में जमकर थिरके। गुरु घासीदास बाबा की जय के नारे लगाये गए। वहीं पर महिलाओं एवं बच्चों के द्वारा सिर पर कलश ज्योत लेकर यात्र निकाली गई। शोभायात्रा में गिरौदपुरी के जैतखंब की झांकी का लोगों ने पूरी श्रद्धा एवं भक्ति से पूजा आरती कर नमन किया। यह शोभायात्रा बाबा के संदेशों का प्रचार किया और संदेश दिया कि''मनखे मनखे एक समान'' है। इसी प्रकार शोभा यात्रा में शामिल हाथों में सफेद ध्वजा धारण कर बाबा के अनुयायीयों का नगर के चौक चौराओं में आरती पूजा कर स्वागत हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने सतनामी समाज के दुजलाल बंजारे, रूखमनी मांडले, नरेश लहरे, बेनी सोनवानी, जेठुराम बंजारे, लक्ष्मण मांडले, आशाराम धृतलहरे, बंशी धृतलहरे, संतोष मांडले, संतोष बारले, सकुनलाल खुंटे, पन्नालाल बंजारे, तेजा ध्रुव, हरि सोनवानी, श्याम सुंदर बंजारे, खिलावन सोनवानी सहित नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश यादव, ओमप्रकाश बंछोर, नेमीचंद बंजारे सहित यातायात व्यवस्था एवं सुरक्षा को लेकर पुलिस बल शामिल रहे।

Health Town
K'sagar's श्री श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### 15 साल से महिला, पुरुष राह ताकते रहे : बंजारे



**छुरा।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों को मद्देनजर रखते हुए लोगों में बिगुल बज चुका हैं। अब आरक्षण पर आम जनमानस और चुनाव लड़ने वालों की नजरें टिकी हुई हैं। इसी प्रकार गरियाबंद जिला के जनपद पंचायत छुरा में क्षेत्र क्रमांक 9 में 3 पंचवर्षीय 15 साल से आरक्षित कोटा से महिला को ही मौका दिया जा रहा है। अनूसूचित जाति के लिए। रुपनाथ बंजारे ने कहा की पुरुष वर्ग को भी मौका मिलना चाहिए या तो मुक्त अनूसूचित जाति कर देना चाहिए इससे सभी को अवसर मिलेगा। बंजारे ने बताया कि 2 पंचवर्षीय 10 साल हो गया दावा आपत्ति करते हुए मुक्त या पुरुष करने के लिए पर निराकरण कर चले जाते हैं पर उस निराकरण का निष्कर्ष क्या निकला है पता नहीं चलता।

### महासमुंद जिले में आरक्षण प्रक्रिया स्थगित

**महासमुंद।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत पंच, सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य, अध्यक्ष तथा जिला पंचायत सदस्य के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आरक्षण प्रक्रिया की तिथियों को स्थगित कर दिया गया है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने आदेश जारी किया है। पूर्व में जारी आम सूचना के अनुसार महासमुंद जिले के विकासखंड महासमुंद, बागबाहरा, पिथौरा, बसना और सरायपाली में पंच एवं सरपंच पदों के लिए आरक्षण की कार्रवाई 17 दिसंबर को आयोजित होनी थी। इसी तरह जनपद पंचायत सदस्य और अध्यक्ष तथा जिला पंचायत सदस्य पदों के लिए आरक्षण प्रक्रिया 19 दिसंबर 2024 को तय की गई थी। इस आदेश के बाद महासमुंद जिले सहित अन्य संबंधित विकासखंडों में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के सभी पदों की आरक्षण प्रक्रिया अब आगामी आदेश तक स्थगित रहेगी।

## निधन

### मिथलेश कुमार ध्रुव



**छुरा।** ग्राम टेंगनाबासा निवासी मिथलेश कुमार ध्रुव का निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक सहित जनप्रतिनिधि समाज प्रमुख शामिल हुए।

## विडंबना : जिला मुख्यालय तक हिंसक वन्यप्राणी दे रहे हैं दस्तक

# जंगल खत्म होने लगे तो शहर में दौड़ने लगे हिंसक वन्यप्राणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जंगल के भीतर लगातार अवैध कटाई के चलते तेजी से सिमटते वन्य क्षेत्र से जहां एक ओर जलवायु और पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर जंगल खत्म होने लगे तो शहर की ओर दौड़ने लगे वन्यप्राणी पिछले 2-3 वर्षों के भीतर वन्य प्राणियों के गांव के तरफ आने की खबर मिल रही है। जिसके चलते वन्य जीव और मनुष्य के बीच बढ़ते संघर्ष के कारण मनुष्य और वन्यप्राणी संकट में नजर आ रहे हैं। छोटे-छोटे शहर और नगर कि बात छोड़ दिजिए अब जिला मुख्यालय तक हिंसक वन्यप्राणी अपना दस्तक दे रहे हैं जो निश्चित रूप से चिंता जनक विषय है। गरियाबंद जिला मुख्यालय के भीतर तक हिंसक वन्यप्राणी तेंदुआ लगातार पहुंच रहा है और वन विभाग द्वारा बकायदा पिंजड़े लगाकर तेंदुआ को पकड़ने की कई बार प्रयास किया जा चूका है मैनपुर नगर सहित पूरे जिले के लगभग सैकड़ो ग्रामों में आए दिनो जंगली वन्यप्राणी भालू, तेंदुआ, लकड़बग्घा, चितल, सांभर, नीलगाय जैसे वन्यप्राणी पहुंच रहे हैं। कई बार इन वन्यप्राणियों से अचानक आमना सामना हो जाने पर हिंसक वन्यप्राणी ग्रामीणों को अपना शिकार भी बना रहे हैं। कल ही गरियाबंद के सभी बारुका में दो लोगों पर तेंदुआ ने हमला कर लोगों को घायल कर दियातों वहीं दूसरी ओर वन्यप्राणी भी सुरक्षित नजर नहीं आ रहे है लगातार वन्य प्राणी की भी अवैध शिकार की घटनाएं बढ़ रही है।

### वन्यप्रणियों की बढ़ रही संख्या

उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया की जंगल में अवैध कटाई के जितने भी मामले आते है उन पर कार्रवाई किया जा रहा है। उड़ीसा प्रदेश के लोगों ने टाइगर रिजर्व के जंगल में अवैध कब्जा कर जो गांव बसाए गए थे उसे हटाकर जंगल को अतिक्रमण मुक्त किया जा चुका है। गांव के भीतर लगातार वन्य प्राणियों के आने की बात पर उन्होने कहा एक तरफ जंगल तेजी से सिमट रही है। दूसरी ओर वन्यप्रणियों की भी संख्या बढ़ रही है दोनों ही स्थिति है।





### जंगल ठूंठ में हो रहे तब्दील, वन्यप्राणी शहर की ओर दौड़ने लगे

गरियाबंद जिले को कुछ वर्ष पहले तक घनघोर साल के जंगल के नाम से जाना जाता था जिसमें सबसे अधिक साल के जंगल मैनपुर क्षेत्र में पाया जाता है लेकिन अब समान्य वन मंडल की बात को छोड़ दिजिए टाईगर रिजर्व क्षेत्र के जंगल भी तेजी से सिमटता जा रहा है। वन अधिकार पट्टा के नाम पर सबसे ज्यादा वृक्षों की अवैध कटाई हुआ है इस बात से कोई भी इंकार नहीं कर सकता और आज भी हरे भरे किमती वृक्षों की अवैध कटाई बदस्तुर जारी है। गरियाबंद जिले के मुख्य मार्गों की किनारे भी जंगल दिखाई देता है थोड़ा अंदर जाने पर दूर–दूर तक सिर्फ ठूठ और मैदान नजर आता है। वन अधिकार पट्टा के नाम पर जंगल का जो विनाश हुआ है उसकी भरपाई बेहद ही मुश्किल है लेकिन वास्तविक हकदारो को पट्टा मिलना चाहिए वन अधिकार पट्टा वितरण की निष्पक्ष जांच किया जाए तो कई चौकाने वाले वाले मामले सामने आएगें।

### चौकाने वाली है इसरो की रिर्पोट , 10 वर्षों में हुई है लाखों वृक्षों की अवैध कटाई

इंटरनेट इसरो रिर्पोट की माने तो पिछले दस वर्षो के भीतर उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के भीतर लाखो वृक्षो की कटाई हुई है जिसकी पुष्टी वन विभाग द्वारा कई बार किया जा चूका है साथ ही ओड़िसा, आन्ध्रप्रदेश के लोग यहां अवैध रूप से गांव बसाकर मकान बना लिए थे जिसमें से आधा दर्जन गांव से वन विभाग द्वारा अवैध अतिक्रमण हटाया जा चूका है लेकिन अवैध कटाई की भरपाई के लिए वृक्षा रोपण करने कोई ठोस कार्य योजना विभाग के पास भी नही है। यहां से लगे ओड़िसा नवरंगपुर क्षेत्र के जंगल में तो अवैध कटाई की इंतिहा हो गई है सोनाबेड़ा जंगल भी अवैध कटाई के शिकार है।

# ऊर्जा संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित रखने का उपाय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

आईएसबीएम विश्वविद्यालय, नवापारा (कोसमी) में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर एक विशेष सिनेमैटोग्राफिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ऊर्जा संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना और सरल व प्रभावी उपायों को साझा करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ सारस्वती वंदना से हुआ, जिसे छात्रों ने प्रस्तुत किया। इसके पश्चात डॉ. एनके स्वामी, आईक्यूएसी निदेशक एवं अकादमिक अधिष्ठाता ने अपनी थीमेटिक स्पीच ऊर्जा के भौतिक परिभाषा के साथ वक्तव्य को प्रारंभ कर विद्यार्थियों के साथ जुड़े तथा उन्हें सभी ऊर्जा के स्रोतों के बारे में बताया एवं ऊर्जा संरक्षण के लिए वर्तमान तकनीकों और उनकी प्रभावशीलता पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि हमें तकनीक और पारंपरिक उपायों को मिलाकर ऊर्जा संरक्षण की दिशा में प्रयास करने चाहिए। इसके बाद विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉ. पी. विष्णवनाथन ने उद्घाटन भाषण दिया। उन्होंने ऊर्जा संरक्षण के महत्व पर बल देते हुए कहा कि ऊर्जा बचाना केवल हमारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित रखने का एकमात्र उपाय है। साथ ही हम ऊर्जा का संरक्षण कैसे करें इस पर अपना विचार विद्यार्थियों के साथ साझा किया। कार्यक्रम में विज्ञान संकाय की अध्यक्ष डॉ. पूनम वर्मा ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने छात्रों और सहभागियों को ऊर्जा संरक्षण का संदेश दिया और कहा कि जागरूकता से ही हम एक बड़ा बदलाव ला सकते हैं और बताया कि हमारा छोटा सा प्रयास एक विशाल परिवर्तन ला सकता है जो भविष्य में ऊर्जा संरक्षण के लिए अनिवार्य होगा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सिनेमैटोग्राफिक प्रस्तुति रही। जिसमें ऊर्जा संरक्षण से जुड़े मुद्दों को रचनात्मक और रोचक तरीके से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का समापन सुश्री ट्विंकल दीपक सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने कहा कि इस आयोजन ने ऊर्जा बचाने और पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारी को और गहराई से समझने का मौका दिया। कार्यक्रम में विज्ञान संकाय के सभी छात्र, प्राध्यापकगण और सहायक स्टाफ ने सक्रिय भागीदारी की। उपस्थित लोगों ने इस आयोजन की सराहना की और इसे अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायक बताया। यह आयोजन विज्ञान संकाय, विज्ञान क्लब और विश्वविद्यालय प्रशासन के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# सतनाम संदेश शोभायात्रा में सैकड़ों सतनामी परिवार के सदस्य हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा की 268 वीं जयंती पर्व के उपलक्ष्य में 1 दिसंबर से 17 दिसंबर तक चलने वाले सतनाम संदेश शोभा यात्रा पखवाड़ा के अंतर्गत सतनामी समाज तहसील परिक्षेत्र छुरा के तत्वाधान में छुरा नगर में सतनाम संदेश शोभा यात्रा 15 दिसंबर को निकाली गई। दोपहर दो बजे पश्चात मामुली पारा से निकली यह शोभायात्रा नगर पंचायत स्वर्ण जयंती चौक, सदर रोड, बजरंग चौक, शिव चौक होते छोटे छुरा संजय नगर पहुंची शोभा यात्रा में सत के ज्योति बरे चारो कोती पंथी नृत्य पार्टी कौंदकेरा अपनी मनमोहक प्रस्तुति के साथ चल रही थी। यात्रा में तहसील परिक्षेत्र के विभिन्न ग्रामों लोहझर खट्टी करकरा खड़मा द्वारतरा अमेठी पाटसिवनी भैरानवापारा गोदलाबाहरा कोसमी नवापारा सिवनी बेलडीह के सतनामी समाज परिवार के सैकड़ों सदस्य शामिल हुए। समापन अवसर पर खोमन चंद्राकर अध्यक्ष नगर पंचायत, भोलेशंकर जायसवाल, सभापति यशपेन्द्र शाह राजमहल छुरा, अब्दुल समद खान पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत, हरीश यादव पार्षद मंचासीन रहे। शोभा यात्रा में प्रमुख रुप से तहसील परिक्षेत्र सतनामी समाज के समारु राम कोसले अध्यक्ष, राजकुमार लहरे सचिव, संरक्षक लक्ष्मी दास सोनवानी लक्ष्मण टंडन, प्रवक्ता डहारु कोसले, सलाहकार बलवंत बघेल राज गायकवाड रुप नारायण माण्डले उपाध्यक्ष गौकरण धृतलहरे दीपक गिलहरे, राज महंत प्रदीप बघेल, संगठन प्रमुख तिलक टंडन कोषाध्यक्ष दीनदयाल टंडन, कर्मचारी गण, नंद झरोखा कुर्रे, उमेश ढीढी, संजीव निराला, गैंद राम खुंटे, कमलेश मारकण्डे, रवि सोनवानी, व्यास बंजारे, दीनदयाल टंडन, एसडी खुंटे, अशोक सेवई, अश्वनी कौशल, एमआर टंडन, जितेंद्र सोनवानी आदि उपस्थित रहे। रात्रि में भोजन भंडारा का आयोजन रखा गया था।

# कॉलेज के विद्यार्थियों ने साइकिल रैली निकालकर दिया सुशासन का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा




शासकीय कचना धुरवा महाविद्यालय छुरा के विद्यार्थियों और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने सरकार द्वारा सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में छुरा नगर में सायकल रैली का आयोजन किया। शासन के निर्देशानुसार उच्च शिक्षा विभाग को साइकिल रैली आयोजन करने का आदेशित किया गया है जिसके तहत यह रैली नगरवासियों को जागरूक करने और सुशासन के महत्व को रेखांकित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई। रैली की शुरुआत बस स्टैंड से हुई, जो नगर पंचायत और जनपद पंचायत तक पहुंची। जनपद पंचायत में उपस्थित आर के ध्रुव, तोकेश्वरी मांझी अध्यक्ष, थानेश्वर कंवर सभापति, किशन कंडरा विधायक प्रतिनिधि करारोपण अधिकारी कयाराम यादव, विकास सोनी, सरपंच दुर्गा ध्रुव, नगर पंचायत के वीरेंद्र ठाकुर समाजसेवी शीतल ध्रुव दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक शिक्षा, नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण और मतदान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जोरदार नारे लगाए। उनके नारों ने शहर में एक जागरूकता की लहर पैदा की और आमजन को सामाजिक मुद्दों पर गंभीरता से सोचने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का नेतृत्व महाविद्यालय के प्राचार्य सीएच पटेल और राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विनीत कुमार ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को सुशासन के मूलभूत सिद्धांतों और समाज में उसकी आवश्यकता के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह की रैली युवाओं में जिम्मेदारी और समाज सेवा की भावना को बढ़ावा देती है।

### ये रहे उपस्थित

छात्रों और स्वयंसेवकों के इस उत्साह और सहभागिता को नगरवासियों ने खूब सराहा और इसे समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। प्रोफेसर डीपी सिंग, सीपी सिंग, डीआर साहु, सुश्री रागिनी ठाकुर हेमा साहू, सुनीता गेहानी, मधु दुबे, प्रमुख रूप से चांदनी ठाकुर, पुष्पमाला, पुष्पलता ,कोमल, मनीषा, आराधना, कशीश देवांगन, परिणीति, लेखनी, नीलकमल, युवराज, खिलेंद्र, शोभाराम, भोलाराम , योगेंद्र, त्रिदेव, संतोष, गौरव, देव कुमार, करण, रागनी, उमेश्वरी, जितेश, कौशल, नंदनी, योगेश्वरी, चुनेश्वरी, नंदनी धात्री, जानवी, यशवंत, रूपेश, दुर्गा, तेजस्विनी, कुमकुम, स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# रायपुर रेलवे मण्डल में सलाहकार समिति के सदस्य बनाए गए पूर्व पालिका अध्यक्ष गोयल

**नवापारा-राजिम।** पालिका के पूर्व अध्यक्ष भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के संयोजक विजय गोयल को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मण्डल अंतर्गत के आने वाले सलाहकार समिति का सदस्य बनाया गया हैं। उन्हें यह नियुक्ति रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल की अनुशंसा पर की गई है। इस शहर के लिए यह पहला मौका हैं जब किसी स्थानीय जनप्रतिनिधि को नवापारा शहर से इस महत्वपूर्ण समिति में जगह प्रदान किया गया हैं। रेल्वे सलाहकार मंडल के सदस्य बनाए जाने पर विजय गोयल ने सांसद बृजमोहन अग्रवाल का हृदय से आभार जताया है और कहा कि उनके विश्वास पर सदैव खरा उतरने का प्रयास करूंगा। ज्ञात हो कि नवापारा में विकास पुरुष के नाम से जाने पहचाने जाने वाले पूर्व पालिका अध्यक्ष विजय गोयल ने नवापारा में रेक पॉइंट गुडशेड बनाने और नवापारा राजिम को बड़ी रेलवे लाइन से जोड़ने के लिए अनेकों बार रेलवे के अधिकारियों से पत्राचार किया हैं। श्री गोयल को रायपुर मण्डल में सलाहकार समिति के सदस्य बनाये जाने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता रतिराम साहू, भाजपा मण्डल अध्यक्ष उमेश यादव, नेता प्रतिपक्ष प्रसन्न शर्मा, भाजयुमो अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, सौरभ जैन, नवल साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष अन्नपूर्णा देवांगन, मुकुंद मेश्राम, परदेशी राम साहू, अनुज राजपूत, संजीव टिंकू सोनी, पार्षद बॉबी चावला, रवि साहू, योगेंद्र कंसारी, ओमकुमारी-संजय साहू, मयाराम साहू, चुम्मन कंडरा, मधु-तरुण बाफना,राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष गिरधारी अग्रवाल, किराना व्यापारी संघ के अध्यक्ष श्याम अठवानी, संजय चौधरी,प्रदीप भंसाली, प्रकाश चौरड़िया, मो. शफीक, मो. अय्युब खत्री, किशोर नागवानी, सचिन सचदेव, ज्ञानचंद लालवानी, प्रेम साधवानी, रजा चांगल, आशीष टाटिया,जित्तु भट, दिलीप साहू,अप्पू सोनकर,संदीप कोटक, मनीष नथवानी, सहदेव कंसारी, राजकुमार कंसारी, विकास लोटिया, गुड्डा भंसाली , अभिषेक अग्रवाल, यश अग्रवाल, रवि अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में नगरवासियो ने गोयल को बधाई दिया।





# कांग्रेस सरकार ने बांध, स्कूल, कॉलेज, सड़क, हॉस्पिटल सब कुछ दिया : धनेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



सोनेसिली में विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण करते हुए पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू ने कहा कि इस देश में दो विचार धारा के लोग हैं। एक महात्मा गांधी को मानने वाले और दूसरा नाथूराम गोड़से को अपना आदर्श मानने वाले। श्री साहू ने कहा कि आजादी के समय देश की जनसंख्या लगभग 33 करोड़ थी जो आज 130 करोड़ के लगभग है। उस समय गांव में न सड़क था न बिजली थी और न ही स्कूल। कहा कि वे खुद पेड़ के छांव में पढ़े-लिखे है। कहने का मतलब यह है कि आज के युवा यह जाने कि देश की आजादी के समय यहां सुई तक नहीं बनता था लेकिन आज हमारे देश के युवा अन्य देशों में जाकर सेवा दे रहे है। पूर्व में कांग्रेस की सरकारें बड़े-बड़े बांध, स्कूल, कालेज, सड़क, हॉस्पिटल, बिजली सब कुछ दिए। लेकिन आज धर्म के नाम पर लोगों को भड़काया जा रहा, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, महंगाई से कोई लेना-देना नहीं है। आज बिजली का बिल मनमाने ढंग से आ रहा है। खाने पीने के दाम बढ़ रहा है। सोसायटियों में किसानों का अधिक धान तौला जा रहा इस पर कोई बोलने वाला नही है। कार्यक्रम में देवनंदनी साहू जनपद अध्यक्ष, चंद्रहास साहू उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, गिरधारी साहू अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवापारा ग्रामीण, नीमा निबेकर, गोमेश्वरी साहू, पप्पू ध्रुव , अक्षय साहू, ताराचंद साहू, किशन साहू, श्यामू साहू, मुकेश साहू, चंदन गोस्वामी, पुनु साहू, श्यामलाल साहू, लाकेश साहू, कमलेश साहू, खूबी साहू, ठाकुर विश्वकर्मा, देव विश्वकर्मा, विश्वनाथ साहू, भूषण साहू, पुनाराम साहू, अनिल गोस्वामी, विष्णु साहू, तोषण साहू, मोहन साहू, सुरेश साहू, गोविंद साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे। संचालन प्रदीप साहू ने किया।

## सतनाम संदेश शोभायात्रा में पहुंचे पूर्व मंत्री ने सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण

# सत्य एवं अहिंसा के रास्ते पर चलकर समाज का करें विकास : डॉ. डहरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

शहर के गुरू घासीदास मंदिर में बाबा गुरु घासीदास के जयंती के पूर्व सोमवार को संत बाबा खूब लाल टंडन के सानिध्य में सतनाम संदेश शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु शामिल हुए। शोभायात्रा के दौरान बाबा गुरू घासीदास जी का जोरदार जयकारा होता रहा। इस दौरान पंथी नृत्य का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के पूर्व नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया पहुंचे। उन्होंने सामुदायिक भवन का फीता काटकर लोकार्पण किया। कार्यक्रम में रक्तदान भी किया गया। रक्तदान करने वालों को पूर्व मंत्री श्री डहरिया ने प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सभी प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री शिवकुमार डहरिया ने कहा कि सन 1756 में गुरु घासीदास बाबा ने गिरोदपुरी में जन्म लेकर समाज को रास्ता दिखाया है तथा सत्य, अहिंसा के रास्ते पर चलकर समाज का विकास करना है। बताया कि जब बाबा जी ने जन्म लिया तब समाज में तरह-तरह की कुरीतियां मौजूद थे। उन्होंने न सिर्फ सतनामी समाज बल्कि हर समाज के लोगों को बराबर का दर्जा देते हुए मनखे मनखे एक समान कहा। उनके विचार, उपदेश, वाणी सबके लिए उपयोगी है। श्री डहरिया ने कहा कि आजादी के पहले हमारा संविधान बनाया गया जिसमें महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल आजादी के आंदोलन के बड़े नेता थे। बाबा साहब अंबेडकर जी बचपन में बहुत ज्यादा दुख और तकलीफ सहे थे उन्हें मालूम था कि अनुसूचित जाति के लोगों के विकास को रोके जाते हैं। जब संविधान बना तो समानता का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, रोजगार के अधिकार, राजनीतिक क्षेत्र में काम करने का अधिकार और अभिव्यक्ति के अधिकार संविधान के माध्यम से मिला है। हमारा संविधान सुरक्षित रहेगा तो हमारे अधिकार सुरक्षित रहेंगे। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज जो अधिकार हमें मिला हुआ हैं उसे कम किया जा रहा है। नौकरी वाले गुरुजी के पदोन्नति में आरक्षण खत्म कर दिए हैं। यह हमें संविधान प्रदत्त है परंतु धीरे-धीरे हमारे आरक्षण को खत्म करने की कोशिश किया जा रहा है। यदि शिक्षा विभाग को बेच देती है और उसे चलाने का अधिकार अडानी-अंबानी को देती है तो वह आरक्षण तो नहीं देगी। ऐसी व्यवस्था आज किया जा रहा है।



### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर सतनामी समाज तहसील परिक्षेत्र के अध्यक्ष तुलेश्वर धृतलहरे, जिला पंचायत गरियाबंद के सभापति मधुबाला रात्रे, फिंगेश्वर नगर पंचायत के उपाध्यक्ष रुक्मणी मांडले, सरपंच कोमा भुनेश्वरी बंजारे, राजिम परिक्षेत्र के कार्यकारी अध्यक्ष राकेश मांडरे, संयोजक डॉ. आनंद मतावले, मुन्ना कुर्रे, रामविशाल ओगरे, चतुर मंडल, सहदेव बंजारे, बेनीराम सोनवानी, ईश्वर रात्रे, शशिकला रात्रे, विष्णु जांगड़े, भागचंद चतुर्वेदी, देवप्रसाद बघेल, कमलेश बघेल ,किरण टण्डन,सनत चेलक,कोमल ढीढी,थानेश्वर बंजारे, धनेंद्र टण्डन,मिलाप बंजारे,धरमुदास कुर्रे,देवानन्द मन्नाडे सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

